1800 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में जादू पिटारा का प्रदर्शन

4



## खबर संक्षेप



### राज्य स्थापना रजत जयंती पर सेमिनार

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर के शैक्षणिक संस्थानों में रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय, जशपुरनगर में सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में राजकपुर भगत जिला मंत्री भाजपा, मुकेश सोनी मंडल अध्यक्ष भाजपा, अमित साय पूर्व जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा एवं आशुतोष राय उप सरपंच महुआ पंचायत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्राचार्य डॉ.एम गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में महाविद्यालय की उपलब्धियों और राज्य की 25 वर्ष की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला।मुख्य वक्ता अरविन्द भगत ने छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवशाली विकास पर अपने विचार व्यक्त किए और छात्राओं को निरंतर प्रगति करने की प्रेरणा दी। तत्पश्चात राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री अलंकृत लकड़ा ने भी राज्य के विकास पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक (भूगोल) अर्जुन खलखो ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्राध्यापक (रसायन शास्त्र) श्रीमती निमन झरिया मिंज ने किया। कार्यक्रम की सफल बनाने में एनएसएस प्रभारी सुश्री सीमा भगत, सहायक प्राध्यापक ,इतिहास श्रीमती नीता श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापकगण, कार्यालयीन स्टाफ, अतिथि शिक्षक एवं जनभागीदारी शिक्षकगण का विशेष सहयोग रहा। बड़ी संख्या में छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बनाया।

### पमशाला से सराईटोला मार्ग निर्माण की मिली मंजूरी

**जशपुरनगर।** जिले के फरसाबहार क्षेत्र के एक और महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है। जिले के फरसाबहार–तपकरा मार्ग पमशाला से सराईटोला पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को राज्य शासन द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह मार्ग लगभग 11.50 किलोमीटर लंबा होगा, जिसमें पुल-पुलिया निर्माण का कार्य भी शामिल है। इस परियोजना के लिए राज्य शासन ने 23 करोड़ 96 लाख की राशि स्वीकृत की है।इस सड़क निर्माण की स्वीकृति से न केवल ग्रामीण अंचल को मजबूत और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि आसपास के ग्रामीणों को यातायात और संपर्क साधनों में बड़ी सहूलियत मिलेगी।

## बच्चों और माताओं के पोषण, शिक्षा व स्वास्थ्य को मिलेगा नया आयाम

# 56 करोड़ 57 लाख की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की प्राथमिकता हमेशा से प्रदेश के बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर रही है। इसी दिशा में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए जशपुर जिले में 56 करोड़ से भी अधिक की लागत से 484 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन पर 11 लाख 69 हजार रुपए खर्च किए जाएंगे। इस प्रकार करोड़ों रुपए की राशि सीधे तौर पर जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार पर लगाई जाएगी। इससे न केवल बच्चों और माताओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भी एक स्थायी और सुसज्जित कार्यस्थल प्राप्त होगा।

### ग्रामीणों की खुशी

ग्रामीण अंचल के लोगों ने इस नए आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि यह पहल आने वाली पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली साबित होगी।



### मुख्यमंत्री का संकल्प अब कोई भी बच्चा शिक्षा की कमी से नहीं होगा वंचित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कि जशपुर का कोई भी बच्चा अब कुपोषण और शिक्षा की कमी से वंचित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर बच्चे और हर माता को स्वस्थ, शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। नए आंगनबाड़ी भवन आने वाली पीढ़ी के जीवन स्तर को बेहतर बनाएंगे और प्रदेश में पोषण क्रांति की नींव मजबूत करेंगे।

### बच्चों और माताओं के लिए एक संपूर्ण केंद्र

नए आंगनबाड़ी भवन सिर्फ पढ़ाई या आहार वितरण का स्थान नहीं होंगे, बल्कि ये ग्रामीण समाज में पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता का केंद्र बनेंगे। इन भवनों में बच्चों को पौष्टिक आहार, खेल-खेल में सीखने की व्यवस्था,नियमित स्वास्थ्य जांच, माताओं के लिए पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे जिले में कुपोषण को कम करने और शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने में बड़ी भूमिका निभाई जाएगी।

### जर्जर भवन अस्थाई से स्थायी की ओर

अब तक अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र भवन जर्जर हालत में या किराए के मकानों में संचालित होते थे। ऐसे स्थानों में न तो बच्चों को बैठने की समुचित सुविधा मिलती थी और न ही साफ-सफाई का पर्याप्त वातावरण, लेकिन नए भवन बनने के बाद बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और अनुकूल माहौल उपलब्ध होगा, जिससे उनकी शिक्षा और पोषण संबंधी गतिविधियाँ व्यवस्थित ढंग से संचालित होंगी।



जॉब कार्ड प्रदान करतीं विधायक रायमुनी।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव :जॉब फेयर में विधायक हुईं शामिल

■ जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 12 कंपनियों ने 215 पदों के लिए युवाओं का किया चयन

**जशपुरनगर।** शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला रोजगार व स्वरोजगार केन्द्र के मार्गदर्शन में राज्य निर्माण के 25वें वर्ष में प्रवेश होने पर 25 वर्षों का उत्सव और संकल्प को लेकर विकसित छत्तीसगढ़ की कल्पना को साकार करने हेतु मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत 'जॉब फेयर' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत शामिल हुईं। इस जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 12 कंपनियों ने भाग लिया। जिसमें कुल 215 पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया गया। इस जॉब फेयर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना था। इसमें अलग-अलग शैक्षिक योग्यता वाले उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। कंपनियों ने अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ⏭ शेष पेज 4 पर

## खाद दुकानों के लाइसेंस 21 दिनों के लिए निलंबित

**जशपुरनगर/ पत्थलगांव।** अधिसूचित प्राधिकारी (उर्वरक) एवं उप संचालक कृषि ने पत्थलगांव विकासखण्ड के मेसर्स जिंदल सेल्स पत्थलगांव, पायल फर्टिलाईजर बागबहार, डीपीएमके फर्टिलाईजर पत्थलगांव एवं शर्मा कृषि केन्द्र कोतबा के अनुज्ञप्ति 21 दिवस के लिए निलंबित किए गए हैं। उन्होंने उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुप्ति निलंबित करते हुए संबंधितों को 3 दिवस के अंदर समक्ष में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। विदित हो कि विगत दिवसों में उर्वरक निरीक्षक के द्वारा संबंधित मेसर्सो संस्थान में निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय विक्रय प्रतिनिधि उपस्थित नहीं पाये गये। साथ ही उनके द्वारा साप्ताहिक व पाक्षिक उर्वरक नमूना इत्यादि की जानकारी भी समय-समय पर उपलब्ध नहीं कराई जाती है। जो एफओसी 1985 का घोर उल्लघंन है। उनके उक्त कृत्य उर्वकर (नियंत्रण) आदेश 1985 की खण्ड 3(3) का उल्लंघन है। इसलिए निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## कलेक्टर ने एनकोर्ड के कार्यों की समीक्षा

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनकोर्ड) के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, सभी एसडीएम, एसडीओपी सहित स्वास्थ्य, आबकारी, पुलिस, यातायात एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने जिले में कोटपा एक्ट तथा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की।

## कुनकुरी चोरी कांड का खुलासाः अपचारी बालक भेजा गया बाल संप्रेषण गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी क्षेत्र में किराए पर रह रहे एक छात्र के घर चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। चौंकाने वाली बात यह रही कि इस वारदात को किसी पेशेवर अपराधी ने नहीं, बल्कि महज 17 वर्षीय नाबालिग ने अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी को घर से दबोचते हुए चोरी का सामान बरामद कर लिया और उसे बाल संप्रेषण गृह भेज दिया गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 7 सितंबर की सुबह करीब 4 बजे अंबिकापुर निवासी प्रांजल ठाकुर 21 वर्ष, जो डुगडुगिया, कुनकुरी में किराए पर रहकर बीएससी हॉर्टिकल्चर की पढ़ाई कर रहा है, रोज की तरह मॉर्निंग वॉक और दौड़ने निकला था। वह अपने कमरे का ताला लगाकर पंडरीपानी, पहाड़मुड़ा रोड की ओर निकल गया। करीब एक घंटे बाद लौटने पर उसने पाया कि कमरे का ताला टूटा हुआ है, दरवाजा खुला है और अंदर रखे कपड़े, पर्स, जिसमें 1000 नगद और आधार कार्ड रखा था, चोरी हो ⏭ शेष पेज 4 पर

### अपराध दर्ज व पुलिस की रणनीति

थाना कुनकुरी ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(3), 305(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार यादव ने टीम गठित की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। चोरी हुए कपड़े और अन्य सामान की पहचान कराई गई ताकि आरोपी तक पहुंचा जा सके। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि डुगडुगिया का एक नाबालिग लड़का चोरी किए गए कपड़े पहनकर खुलेआम घूम रहा है। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में नाबालिग ने अपना गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उसने छात्र को रोजाना की तरह वॉक पर जाते देखा और मौके का फायदा उठाकर मकान की दीवार फांदी और ताला तोड़ दिया। कमरे में रखे कपड़े, पर्स, आधार कार्ड और नगद रुपये लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने नाबालिग की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी किए गए कपड़े,आधार कार्ड, 300 नगद बरामद कर लिया। आपचारी बालक ने पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि बाकी 700 उसने खर्च कर दिए हैं। पुलिस ने पर्याप्त सबूत मिलने पर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत बाल संप्रेषण गृह भेज दिया। ताकि आगे की कार्यवाही कानून के अनुसार हो सके।

## जुरूडांड़ हादसा कांग्रेस ने शवों पर की राजनीति, भाजपा ने किया सच उजागर



प्रेसवार्ता करते भाजपा।

■ भाजपा का प्रहार झूठ और फरेब की फैक्ट्री बन चुकी कांग्रेस

**जशपुरनगर।** जिले में हुए जुरूडांड़ हादसे को लेकर राजनीति गरमा गई है। जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए उसे "झूठ और फरेब की फैक्ट्री" करार दिया। पत्रकार वार्ता में सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, भाजपा के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुमार राय, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जिला महामंत्री मुकेश शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी सरवर फैजान खान,संतोष सिंह, विजय सहाय, कृपाशंकर भगत, नरेश गुप्ता और श्रीमती शारदा प्रधान मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता में विधायक गोमती साय ने कांग्रेस पर सीधा ⏭ शेष पेज 4 पर

### महिला डीडीसी की गिरफ्तारी पर कांग्रेस का झूठ बेनकाब

कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए रायमुनी भगत ने कहा कि कांग्रेस ने मीडिया में झूठा प्रचार किया कि महिला डीडीसी को रात में बिना महिला पुलिसकर्मी के गिरफ्तार किया गया। जबकि सच्चाई यह है कि मौके पर महिला एएसआई मौजूद थीं और संबंधित महिला स्वयं पुलिस वाहन में बैठी थीं। थाने के रोजनामचे में यह दर्ज है। कांग्रेस ने झूठ बोलकर जनता को गुमराह करने का प्रयास किया।

### कांग्रेस के दोहरे मापदंड उजागर

गोमती साय ने कांग्रेस सरकार के दौरान मुआवजा राशि के भेदभाव को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि 2021 की पत्थलगांव दुर्घटना में राजनीतिक दबाव में कांग्रेस सरकार ने 50 लाख का मुआवजा दिया। लेकिन गरियाबंद 2022, बालोद 2023, बिलासपुर 2023 और बेमेतरा 2023 के हादसों में मृतकों के परिजनों को केवल 2 से 10 लाख रुपये दिए गए। क्या जान की कीमत अलग-अलग होती है? यह कांग्रेस की अवसरवादी राजनीति का प्रमाण है।

### कांग्रेस ने शवों पर राजनीति की, भाजपा ने की मददः रायमुनी

विधायक रायमुनी भगत ने कहा कि 2 सितंबर को सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हुई। हम सबने पीड़ित परिवारों के साथ खड़े होकर मदद की, लेकिन कांग्रेस ने शवों को सियासत का हथियार बना लिया। यह निंदनीय और शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद वे खुद मौके पर पहुँचीं, घायलों को अस्पताल ले गईं और रातभर इलाज की व्यवस्था करती रहीं। छह एंबुलेंस से 17 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज ले जाकर भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को सच्चाई पता तक नहीं, लेकिन बयान ऐसे देते हैं मानो वही सबकुछ जानते हों। कांग्रेस का यह रवैया राजनीति का सबसे घटिया स्तर है।




## किचन गार्डन की अनोखी पहल

# बेलडेगी स्कूल के बच्चे अब खा रहे अपने हाथों उगाई सब्जियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव/महादेवडांड़

बगीचा विकासखंड का प्राथमिक विद्यालय बेलडेगी इन दिनों पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां मिड-डे मील में बच्चों की थाली में परोसी जा रही सब्जियां अब बाजार से नहीं आतीं, बल्कि स्कूल परिसर के किचन गार्डन से ही तोड़ी जाती हैं। इस अनोखी पहल ने बच्चों की सेहत और स्वाद दोनों को नया रंग दे दिया है। प्रधान पाठक अल्फा किरण मिंज और शिक्षक मुनु राम के मार्गदर्शन में बने इस किचन गार्डन में भिंडी, टमाटर, बैंगन, पालक, धनिया, लहसुन और मटर जैसी सब्जियां उगाई जा रही हैं। पहले से ही बच्चे लौकी, कद्दू, करेला और तरोई जैसी ताजी सब्जियों का स्वाद ले चुके हैं।





**सामूहिक प्रयास, ग्राम पंचायत ने भी निभाई आह भूमिका-**शिक्षक, रसोइया, स्वीपर और विद्यार्थी सभी ने मिलकर इस बागान को जीवंत बनाया है। पंचायत की ओर से लगाए गए सबमर्सिबल ने सिंचाई की दिक्कतें दूर कर दी हैं।

### विकासखंड के लिए बना आदर्श मॉडल

बीईओ सुदर्शन पटेल ने कहा, संकुल सरईपानी के बेलडेगी स्कूल ने यह साबित किया है कि अगर संकल्प और सामूहिक प्रयास हो, तो सरकारी योजनाओं को और भी प्रभावी बनाया जा सकता है। बच्चों को न सिर्फ ताजी और शुद्ध सब्जियां मिल रही हैं, बल्कि वे खेती-बाड़ी और श्रम का महत्व भी सीख रहे हैं। यह पहल पूरे ब्लॉक के लिए एक आदर्श मॉडल है।

### बेलडेगी स्कूल शिक्षा के साथ साथ स्वस्थ का बना नाजिर

स्कूल के प्रधानपाठक का मार्गदर्शन, सभी कर्मचारी एवं विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयास से अब बेलडेगी स्कूल न केवल पढ़ाई में बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता में भी नजीर बन चुका है। ऐसी अभिनव पहल अन्य दूसरे स्कूलों के लिए एक उदाहरण बन चुका है।

## खबर संक्षेप



### पितृपक्ष को लेकर की गई घाटों की साफ-सफाई

**रामानुजगंज।** पितृपक्ष के अवसर पर नगर वासियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पितृपक्ष शुरू होने के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार के निर्देश पर नगर पालिका सफाई कर्मचारियों द्वारा कन्हर नदी किनारे स्थित मां महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट की विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गौरतलब है कि पितृपक्ष में नगर के अधिकांश लोग परंपरागत रूप से नदी किनारे पहुंचकर अपने पितरों को तर्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। इस दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या एकत्र होते है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और सुव्यवस्था बनाए रखना बेहद आवश्यक है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि धार्मिक महत्व वाले इन स्थलों पर साफ-सफाई नगर की संस्कृति और श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी स्वच्छता निरीक्षक विजय दास एवं बेचु प्रजापति की देखरेख में घाटों पर कचरा हटाने, गंदगी साफ करने में लगे हैं ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पितृपक्ष में नगर की धार्मिक परंपराएं सम्मान जनक ढंग से संपन्न हो सकेगी और श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में अपने पितरों का तर्पण करने का अवसर मिलेगा।

### वसुधा ने घोषित किया तीज उत्सव का परिणाम

**अम्बिकापुर।** महिलाओं के संगठन वसुधा महिला मंच एवं समभाव महिला मंच द्वारा तीज पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। वसुधा महिला मंच द्वारा घोषित परिणाम में प्रथम सरिता सिंह, द्वितीय डॉ.पुष्पा सोनी, तृतीय रेखा इंगोले विजेता रही। समभाव महिला मंच द्वारा प्रथम कुंजबाला जायसवाल एवं मुक्ता गुप्ता, द्वितीय मधु चौदहा एवं रेखा गुप्ता तृतीय तनुश्री मिश्रा एवं विमला यादव को प्राप्त हुआ। विशेष पुरस्कार के लिए संजीता स्वर्णकार एवं आंचल पाण्डेय का चयन किया गया है। किटी समूह द्वारा प्रथम रश्मि गुप्ता, द्वितीय सत्या दुबे, एवं तृतीय स्मिता तिवारी रही। विजेताओं को समिति के आगामी कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं की लॉटरी ड्रा वंदना दत्ता एवं अनुभा डबराल की उपस्थिति में छोटे बच्चों द्वारा निकाली गई।

### शिक्षक दिवस पर बच्चों को निःशुल्क टाई, बेल्ट वितरण

**बिहारपुर।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला रसौकी में बच्चों ने सरपंच रीता सिंह के मुख्य आतिथ्य में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति, छत्तीसगढ़ी गीत, नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका पैकरा एवं अमिता रानी प्रधान द्वारा बच्चों को टाई एवं बेल्ट का निःशुल्क वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गुरू ही विद्यार्थियों का सच्चा पथप्रदर्शक होता है, जो उन्हें जीवन में सफलता की ओर अग्रसर है। अंत में प्रधान पाठक नंदलाल राठिया ने मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना एवं अनुशासन की भावना विकसित होती है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पार्वती महाविद्यालय में मना साक्षरता दिवस

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एण्ड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन कर साक्षरता के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे में बताया गया। अध्यापकों ने डिजीटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देने तथा साक्षरता दिवस के इतिहास पर व्याख्यान दिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छवी रानी मंडल सहित सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### जमीन विवाद में दो भाइयों ने युवक से की मारपीट, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जमीन पर कब्जे के विवाद को लेकर दो सगे भाइयों ने मेन मार्केट स्थित विजय फोटो स्टूडियो के संचालक नरेंद्र कांडे की पिटाई कर दी है,घटना शुक्रवार की बताई गई है। फोटो स्टूडियो संचालक की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी भाइयों नागेश सिंह आर्मो व योगेश आर्मो पिता स्व सदन सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2),296,3(5),351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।स्टूडियो संचालक नरेंद्र कांडे ने पुलिस में दर्ज कराए गए रिपोर्ट में बताया कि एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय के सामने उनकी कब्जे की जमीन है,उन्हें सूचना मिली कि उनके कब्जे की जमीन में आरोपित दोनों भाइयों द्वारा कब्जे करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे वे देखने के लिए मौके पर चले गये।

## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं, मांगों लेकर अभाविप ने किया कॉलेज का घेराव



महाविद्यालय के सामने प्रदर्शन करते अभाविप कार्यकर्ता व विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने शासकीय कालिदास महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं एवं छात्रों को हो रही असुविधाओं को लेकर महाविद्यालय का घेराव किया तथा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है।

**खास बात**
- मांग पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

कोरिया विभाग संयोजक प्रदीप यादव ने बताया कि महाविद्यालय में गर्ल्स वाश रूम के दरवाजे और नल टुटे पड़े हैं और इनकी नियति साफ सफाई भी नहीं होती। पीने के पानी के लिए अभी तक किसी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं किया गया है। गर्ल्स कॉमन रूम और छात्रा सुरक्षा का मुद्दा प्रमुख रहा जिसको लेकर अभाविप के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय का घेराव किया और अपनी मांगों को रखा है। अभाविप नगर मंत्री रिंकू नाविक ने बताया कि महाविद्यालय में छात्रों के बाइक, साइकिल रखने के लिए स्टैंड बना हुआ है जो क्षतिग्रस्त और छज्जा टूटा हुआ है इसके बाद भी मरम्मत नहीं हुआ है। गर्ल्स वॉशरूम का दरवाजा टूटा हुआ है साथ ही वाशरूम में लगी नल भी टुटी हुई है। नियमित रूप से महाविद्यालय के सभी वॉशरूमों की सफाई एवं पानी की सुविधा होने चाहिए। महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या अधिक है, जबकि शासन प्रशासन द्वारा छात्राओं को हर साल सेनेटरी पैड उपलब्ध कराई जाती है, लेकिन महाविद्यालय द्वारा पिछले कई वर्षों से सेनेटरी पैड वितरण नहीं कराया गया जिसका हिसाब दें और तत्काल छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरण कराई जाए। महाविद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम की सुविधा, महाविद्यालय में छात्रावास की सुविधा, महाविद्यालय में बीए, बीएससी एवं बीकॉम के कक्षाओं में पंखे व खराब बोर्ड की मरम्मत की जाए। महाविद्यालय में कार्यालय सहायक पदों का नोटिफिकेशन निकाला जाए एवं महाविद्यालय का शुल्क कम किए जाने सहित अन्य मांग की। साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही। इस दौरान रिंकु नाविक, बरत लाल, नंदेश्वर यादव, राज यादव, देव कुमार, अमर महंत, जितेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, नरेंद्र सिंह, अनंत प्रकाश, राकेश कुमार, विवेक, रूपेश, उपेंद्र कुमार, शैलेन्द्र पैकरा, दिलीप कुमार, नारायण पैकरा, सोनशाय, संत कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार,श्रवण कुमार पैकरा, रेशमी सिंह, कौशल्या, अनुराधा, मानमती, मीना, सत्या, बिंदेश्वरी, कान्ति, प्रमिला, खुशबू ठाकुर, आरती गुप्ता, लक्ष्मी, रीना, उर्मिला, रिया, अश्लेखा, सीता, सुप्रिया, अमृता सिंह, पूनम यादव, रीना प्रजापति, अराधना, संगीता बखला, चंचल, बिमला शांडिल्य, रीना, राजकुमारी, सरिता सिंह, फूलकुमारी, नंदिता सेन, नीरज, पूनम सिंह, सुमित्रा, दीक्षा सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### अव्यवस्था को लेकर छात्रों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज की अव्यवस्था, लापरवाहियों और गैर जिम्मेदाराना बर्ताव को लेकर महाविद्यालय के छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया तथा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। साथ ही सात दिवस में व्यवस्था से सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। कॉलेज में विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं का कहना है कि बीए,बीएससी, बीकॉम, और बीसीए की नियमित कक्षाएं नहीं लगती, लाइब्रेरी से पुस्तकें नहीं मिलते, सातवें सेमेस्टर के लिए प्रोफेसर उपलब्ध नहीं है। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी बरती जा रही है और अच्छा पेपर लिखने के बाद भी छात्रों को केवल 2-3 नंबर मिलना मिलता है। परीक्षा में बैठने के बाद भी अनुपस्थित और मनमाने तरीके से बेक लगा देते है। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों आकर छात्राओं से दुर्व्यवहार करते है। छात्रों को कब कक्षाएं लग रही हैं इसकी जानकारी नहीं मिलती। छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय पानी जमा होने सहित अन्य समस्याओं से प्राचार्य को अवगत कराया। जिस पर प्राचार्य ने आश्वासन दिया कि सात दिवस के अंदर इन सारी समस्याओं को दूर कर दिया जाएगा। इस दौरान नेता ज्ञान तिवारी, अतुल ताम्रकार,कान्हा पटेल, आकाश पटेल, नेहाल साहू, पवन सोनी, मनीष सोनी, समीर सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र उपस्थित थे।





### ग्राम पंचायत नवापाराकला में संभाग स्तरीय करमा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

विकास खंड प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत नवापारा कला में करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल तथा क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में संभाग स्तर के करमा टीम प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ग्रामवासियों ने अपनी संस्कृति एवं पुराने परंपरा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। ग्राम पंचायत नवापारा कला के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं विकास खंड प्रेमनगर के समस्त जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में अपनी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रियता से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया है। करमा प्रतियोगिता बूढ़ा देव लोक सेवा समिति के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में करम देवता के पूजा अर्चना किया जाता है। प्रेमनगर विधानसभा के विधायक ने कहा कि यह कार्यक्रम अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के महिला बाल विकास विभाग के मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम के आयोजन करने से हमारी संस्कृति का पहचान बनता है और इसे बचाकर रखना हमारी जिम्मेदारी है। मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि करमा त्यौहार हमारी पुरानी संस्कृति रही है। करम देव का पूजा करने से घर परिवार एवं क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, शशि कांत गर्ग, संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, नयन सिरदार, रन सिंह टेकाम, प्रभु नारायण श्याम, आनंद कुंवर, उषा सिंह, अजय श्याम, शिवनन्दन सिंह मरावी, मिथिला बंजारा, पूर्णा जायसवाल, विजय सिरदार, महेंद्र कुमार यादव, प्रदीप साहू, उर्मिला साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**अम्बिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंधा घुटरापारा स्थित नर्सरी में गाज की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। रविवार की दोपहर 3.30 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही गरज चमक होने लगी। इस दौरान गाज गिरने से नर्सरी में चर रहे दो मवेशी चपेट में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृत मवेशी ग्राम बंधा निवासी प्रेम दास आ. संटू दास के बताए जा रहे है।

### ग्रामीणों को दी गई आयुर्वेद एवं योग की जानकारी

**सोनगरा।** आयुष विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य एवं आयुष केंद्र सोनगरा में ग्रामीणों को आयुर्वेद एवं योग जागरूकता, घरेलु औषधि की जानकारी दी गई। वृद्धो को घरेलु औषधि पौधे का वितरण संस्था में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष



कुमार सिंह एवं संस्था प्रभारी डॉ. मीना राजवाड़े द्वारा किया गया। डॉ. सिंह ने आयुष विभाग के जनकल्याण कारी योजनाओं के साथ साथ हमें हर दिन हर घर आयुर्वेद के तहत अपने आस पास के औषधि परिचय, रोगप्रतिरोधक घरेलू औषधियों के बारे में जानने एवं उनके दैनिक उपयोग से लाभ के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त आहार विहार दिनचर्या ऋतुचार्य, योग प्राणायाम को अपने जीवन शैली में जोड़ने की बात कही। स्वास्थ्य शिविर में 45 रोगियों का उपचार एवं परामर्श दिए गए।

## भाजपा सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला 17 से 2 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा सूरजपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि विधानसभा सामरी के विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा मौजूद थे।




बैठक में शामिल भाजपा पदाधिकारी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सेवा परमो धर्म को चर्चा करते हुए समाज के गरीब सूचित वंचित वर्गों के उत्थान हेतु अन्य को ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं उनका व्यक्तित्व कृतित्व अद्भुत है। सेवा पखवाड़ा सिर्फ कार्यक्रम नहीं यह सेवा, समाधान, समर्पण का समागम होगा। सेवा पखवाड़ा निमित्त सभी कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्धारित की गई है। जिला प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर महात्मा गांधी का जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। कार्यशाला में स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर लगाना,एक पेड़ मां के नाम, प्रबुद्ध जन सम्मेलन, दिव्यांग जानो का सम्मेलन, कुटुंभ प्रबोधन कार्यक्रम करना, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भर भारत पर फोकस, संघ शताब्दी उत्सव मनाने को लेकर विस्तृत जिम्मेदारी दी गई है।

विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की सरकार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एवं प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय के कुशल नेतृत्व में मोदी के गारंटी और विष्णु के सुशासन चल रही है। सेवा पखवाड़ा में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को लोगों को अवगत करवाया जाएगा।

इस दौरान रामकिशुन सिंह, गोपाल कृष्ण मिश्रा, अजीत सिंह, बलवंत सिंह, आनंद जायसवाल, तारावती सिंह, शशिकला भगत, कमलाराम, दीनानाथ यादव, हीरामुनि निकुंज, रवि प्रताप, पूजा कश्यप, अजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, शुभम सोनी, असर्फी यादव,मुंद्रिक सिंह, विनय भगत, आकाश अग्रवाल, सुनील तिवारी, लोधिराम,शीला जायसवाल, एक्का मंडल, सीताराम गुप्ता, विवेक जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, शिवशंकर शुक्ला, नारद यादव, धीरेंद्र द्विवेदी, शशि टोप्पो, विजय प्रताप सिंह, मुकेश जायसवाल, महामंत्री रजनी सोनी, मंगलम पांडे सहित अन्य उपस्थित थे।

## कंदरई स्कूल में छात्राओं को किया गया जागरूक

**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के योजना संकल्प अंतर्गत महिला केंद्रित विषयों पर 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन व जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कंदरई में किया गया।यहाँ पर महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक शारदा सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत बालिका भ्रूण हत्या, बाल विवाह, घरेलु हिंसा,




सखी वन स्टाप सेंटर, टोल फ्री नंबर 181, 1098 एवं किशोरी बालिकाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई, साथ ही पोषण माह अंतर्गत किशोर बालिकाओं को सभी प्रकार के पोषण से भरपुर खाद्य पदार्थो की जानकारी दी गई एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को पढ़ाई में आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया,बढ़ते हुए साइबर क्राइम के बारे में भी बालिकाओं को अवगत करा सतर्क रहने की समझाइश दी गई।

## महावीरपुर की जर्जर सड़क पर ग्रामीणों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



ग्राम महावीरपुर की मुख्य सड़क की हालत अत्यंत जर्जर हो जाने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।ग्राम महावीरपुर के वार्ड क्रमांक 7 के पंच विनय गुप्ता ने कई बार पंचायत और जिला प्रशासन को लिखित व मौखिक रूप से अवगत कराया, लेकिन वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क की मरम्मत कार्य अब तक शुरू नहीं किया जा सका है,अब थक हारकर ग्रामीणों ने स्वयं ही पहल करते हुए रविवार को पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की उपस्थिति में सड़क सुधार कर श्रमदान का कार्य किया है।

- सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण फावड़ा, कुदाल, तगाड़ी व अन्य उपकरण लेकर सड़क मरम्मत करने पहुंचे

इस बारे में वार्ड पंच विनय गुप्ता ने बताया कि 4 सितंबर को सूरजपुर कलेक्टर को आवेदन देकर श्रमदान कार्यक्रम की जानकारी दी गई और उन्हें आमंत्रित भी किया गया,रविवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और कुदाल,फावड़ा व अन्य उपकरण लेकर सड़क की मरम्मत में जुट गए,इस दौरान राधे कृष्ण गुप्ता,सुनील गुप्ता,तपन सिकदार,विक्की समद्दार,ईशान गुप्ता, छत्रपाल सिंह, दशरथ यादव, धर्मेश पाल, राजू श्रीवास्तव, आंचल, रुचि टोप्पो, किशुन सिंह, रूपेन्द्र, विपिन कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे,ग्रामीणों का कहना है महावीरपुर पंचायत का वार्ड नंबर 7 इन दिनों बारिश और लापरवाही के कारण सड़क जगह-जगह गड्ढों में तब्दील हो गई है, पैदल चलना तो मुश्किल है ही,छोटे-बड़े वाहन चालक भी रोज दुर्घटना के खतरे से होकर गुजरते हैं,बच्चों और बुजुर्गों के लिए तो यह सड़क जानलेवा साबित हो रही है,ग्रामीणों ने श्रमदान के बाद प्रशासन को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि संबंधित विभाग द्वारा मौके पर आश्वासन दिया गया है कि दो दिवस के भीतर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, ग्रामीणों ने साफ कर दिया है कि यदि वादा पूरा नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जायेगा।

## करंजवार जंगल पहुंचा 30 हाथियों का दल, ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नगर पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव करंजवार जंगल में 30 हाथियों का दल आ जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। हाथियों के दल में नर मादा सहित शावक हाथी भी शामिल है। क्षेत्र लंबे समय से हाथियों के सक्रिय होने के बावजूद वन विभाग हाथी को भगा पाने में नाकाम है। हाथी ने सिर्फ खेतों में लगी फसल को नुकसान पहुंचा रहे है बल्कि लोगों के घरों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे है। 30 जंगली हाथी के आ जाने से जहां ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं वही भय के साये में जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

- फसलों एवं घरों को पहुंचाया नुकसान

गौरतलब है कि प्रतापपुर क्षेत्र से लगे ग्राम पंचायत करंजवार एवं सरहरी के जंगलों में हाथी लगातार एक हफ्ते से उत्पात मचा रहा है जहां दर्जनों किसानों के फसलों को नुकसान किया जा चुका है। अब फिर से 30



जंगल में हाथियों का दल।

हाथियों का दल आ जाने से हाथियों के डर एवं आतंक से लोग भयभीत है। बरसात के दिनों में ग्रामीण पूरी रात जागने को मजबूर है। हाथियों के दर से पूरी रात नहीं सो पा रहे हैं और रात भर हाथी भागने की कोशिश की जा रही है। हाथियों के लिए वन विभाग बिल्कुल निष्क्रिय साबित हो गए है। आलम यह है कि कुछ देर हाथी को वन विभाग भगा कर लोगों को सुरक्षित करने की बात कहते है लेकिन फिर से पुनः की भांति स्थिति निर्मित हो जाती है। सबसे बड़ी बात यह है कि हाथियों का उत्पादन निरंतर बढ़ता चला जा रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र के लगे ग्राम करंजवार के जंगल जो अंबिकापुर मुख्य मार्ग है। जहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है और कई बार हाथी मुख्य मार्ग पर आ जाते है जिससे राहगीरों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी की समस्या क्षेत्र में लंबे समय है। बावजूद इसके वन विभाग द्वारा हाथियों को भगाने का प्रयास नहीं किया जाता है। तमोर पिंगला वन अभ्यारण रेस्क्यू सेंटर में दो-तीन हाथियों को बांधकर शासन की राशि का सिर्फ दुरुपयोग किया जा रहा है। क्षेत्र में हाथी उत्पात मचा रहा है उसके बाद भी वन विभाग आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहे है। अगर ऐसा ही रहा तो रेस्क्यू सेंटर की कोई आवश्यकता नहीं है। रेस्क्यू सेंटर में बंधे हाथियों को भी खोल देना चाहिए।

इस विषय में वन विभाग के दरोगा मानसिंह ने बताया कि 30 हाथियों का दल क्षेत्र में भ्रमण कर रहे है जो रात से सक्रिय है। वन विभाग द्वारा मुख्य मार्ग पर अलर्ट किया जा रहा है। हाथी बहुत आक्रामक है और ग्रामीण हाथियों से दूर रहने की हिदायत दी जा रही है। शिकायत के आधार पर मौका जांच किया जाएगा।

## कृषि स्नातक संघ की 9 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू


**बिश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है,आंदोलन की शुरुआत 8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर काम करने से की गई।संघ के जिला अध्यक्ष जितेंद्र झा ने बताया कि 15 सितंबर को जिलेभर में तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा,इस दिन संशाधन भत्ता दिए बिना कोई ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा,इसके बाद 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन कर रैली निकाली जाएगी।अधिकारियों के उक्त आंदोलन से पीएम किसान सम्मान निधि,फसल बीमा,धान खरीदी सत्यापन, सॉइल हेल्थ कार्ड,गिरदावरी सहित कई योजनाओं के ऑनलाइन कार्य प्रभावित होंगे,जिससे किसानों को दिक्कत हो सकती है।कृषि अधिकारियों की तरफ से 4300 ग्रेड पे वेतनमान में संशोधन किये जाने,स्थायी भत्ता 2500 रुपये तक बढ़ाना,संसाधन भत्ता,अतिरिक्त प्रभार पर क्षेत्रीय भत्ता और पदनाम परिवर्तन जैसी मांगे शामिल हैं।





# दिल मद्रासी का बाक्स ऑफिस पर धमाल...

**मुंबई।** साउथ फिल्मों का सिनेमाघरों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब फिल्म दिल मद्रासी को ही ले लीजिए। इस फिल्म ने अपनी रिलीज के 3 दिन में ही बता दिया है कि बिना प्रमोशन के भी साउथ फिल्मों का जलवा देखने को मिलता है। शिवकार्तिकेयन की इस फिल्म की रिलीज से पहले कोई चर्चा नहीं थी। लेकिन जैसे ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दस्तक दी, इसने धमाल मचा दिया। दिल मद्रासी फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.65 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 12.1 करोड़ रुपए कमाए।



लाइफ Style

# अनन्या

## 'कॉल मी बे' के सीजन 2 का ऐलान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री अनन्या पांडे की पहली वेब सीरीज 'कॉल मी बे' को रिलीज हुए पूरे एक साल हो गए हैं। इस मौके पर अनन्या ने सोशल मीडिया के जरिए अपने प्रशंसकों का आभार जताया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन पर फिल्म के सीन की तस्वीर पोस्ट की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'कॉल मी बे' को एक साल पूरा हो गया है।

मैं आप सबकी बहुत आभारी हूं कि हमें आज भी इतना प्यार मिल रहा है। लोग अब भी मुझसे पूछते हैं कि सीजन-2 कब आ रहा है, और वह बहुत जल्दी आने वाला है! मैं फिर से अपनी शानदार टीम के साथ काम करने और 'बे' की हील्स (जूते) पहनने का इंतजार नहीं कर सकती। वह सच में सबसे प्यारी लड़की है। यह सीरीज एक अरबपति फैशनिस्टा (एक ऐसा व्यक्ति जो फैशन में बहुत रुचि रखता है) की कहानी है, जो एक हादसे के बाद अपने परिवार और बाकी लोगों से अलग हो जाती है और पहली बार अपने दम पर जिंदगी का सामना करती है। इस सफर में वह कई दोस्त और उनके साथ अपनी पहचान बनाती है। 'कॉल मी बे' में अनन्या के साथ वीर दास, सयानी गुप्ता, गुरफतेह सिंह पीरजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी, निहारिका दत्त और लिसा मिश्रा जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनन्या जल्द ही कार्तिक के साथ 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसकी जानकारी कार्तिक आर्यन ने खुद इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। इसमें नीना गुप्ता और जैकी श्रॉफ जैसे स्टार्स भी अहम भूमिकाओं में होंगे।

हॉलीवुड मसाला




# मिस्ट्री मैन संग नजर आईं सिमोन

**लंदन।** ब्रिटिश-इंडियन एक्ट्रेस सिमोन एश्ले एक्टर जोशुआ जैक्सन के साथ डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में थीं। हालांकि, अब क्वींस, न्यूयॉर्क में हुए यूएस ओपन से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं,जिसमें वह एक मिस्ट्री मैन को किस कर रही हैं। इन तस्वीरों ने भी पुराने कयासों पर पूरी तरह से विराम लगा दिया। जिन तस्वीरों ने सबका ध्यान खींचा वह थी उनकी मिस्ट्री मैन संग रोमांटिक तस्वीरें। इंटरनेट पर इन दोनों की तस्वीरें छा गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, ये मिस्ट्री मैन टिम साइक्स हैं, जो एक रेस्टोरेंट मालिक और बिजनेसमैन हैं।



# विन ने एक फिल्म से कमाए 200 मिलियन डॉलर

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड अभिनेता विन डीजल को 'फास्ट एंड द फ्यूरियस' सीरीज में उनके रोल के लिए जाना जाता है। इस फ्रैंचाइजी की एक फिल्म के लिए उन्हें लगभग 47 मिलियन डॉलर मिले थे और इस सीरीज से उनकी कुल कमाई लगभग 200 मिलियन डॉलर है। लेकिन, एक और किरदार है, जो पिछले कुछ वर्षों में विन का पर्याय बन गया है- मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के ग्रूट का किरदार। इस अभिनेता ने पहली बार 2014 में 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी वॉल्यूम 1' में इस किरदार को आवाज दी थी, और दो सीक्वल, साथ ही दो एवेंजर्स फिल्मों- इन्फिनिटी वॉर और एंडगेम में भी इसे दोहराया। बताया जाता है किविन डीजल, ग्रूट के रोल के लिए प्रति फिल्म 13.5 मिलियन डॉलर कमाते थे, इससे पहले कि 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' के निर्देशक जेम्स गन ने थ्रेड्स पर इस दावे को खारिज किया।



# ईशा को धमाल-4 से मिली एनर्जी...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस ईशा गुप्ता धमाल 4 में अपनी कॉमिक टाइमिंग और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से दिल जीतने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री ने अब अपनी शूटिंग पूरी कर ली है। ईशा ने कहा कि धमाल जैसी दर्शकों की पसंदीदा फ्रेंचाइज का हिस्सा बनना मेरे लिए खुशी की बात है। ईशा ने कहा कि अजय देवगन और पूरी टीम के साथ काम करना मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा और मुझे सकारात्मक ऊर्जा मिली है । ईशा ने कहा कि अजय एक पावरहाउस टैलेंट हैं और सेट पर उनकी सहजता और ऐनर्जी सबको और बेहतर बना देती है। सेट का माहौल हमेशा मजेदार, हंसी-खुशी और पॉज़िटिविटी से भरा रहा। मैं बेसब्री से इंतजार कर रही हूं कि दर्शक वो पागलपन और मस्ती देखें, जो हमने क्रिएट की है। शूट खत्म करना मेरे लिए बेहद खास है क्योंकि ये फिल्म सच में प्योर एंटरटेनमेंट है।




# फिर टली प्रभास की फिल्म की रिलीज डेट

**मुंबई।** प्रभास इस समय अपनी अगली फिल्म पर फोकस कर रहे हैं। कुछ फिल्मों पर अभी काम चल रहा है। तो कुछ बनने के बाद भी रिलीज़ नहीं हो पाई। यहां हम बात कर रहे हैं प्रभास की 'द राजा साब' की, जिसे पहले इसी साल अप्रैल में लाने की प्लानिंग थी। उससे पहले भी किसी और तारीख पर सहमति बन गई थी। आखिरकार 5 दिसंबर को मामला फाइनल हुआ। लेकिन एक बार फिर फिल्म की रिलीज टालकर अगले साल संक्रांति पर लाई जाएगी। इस फिल्म से प्रभास का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। वहीं दूसरी तरफ संजय दत्त विलेन बने हैं। दरअसल इसी साल प्रभास ने अपनी 'द राजा साब' के लिए पहले 5 दिसंबर चुनी थी। वहीं रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और शाहिद कपूर की विशाल भारद्वाज के साथ फिल्म आ रही है।

टीवी मसाला

# मां श्वेता की तरह स्टाइल में आगे निकलीं पलक

मुंबई। टीवी की सुपरस्टार श्वेता तिवारी सिर्फ अपनी एक्टिंग से ही नहीं, बल्कि अपनी ख़ूबसूरती और स्टाइल से भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। अब उनकी बेटी पलक तिवारी भी उसी राह पर चलती नजर आ रही हैं।



पलक ने बॉलीवुड में कदम रखते ही फैशन और ग्लैमर की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बना ली है। हाल ही में पलक तिवारी एक इवेंट में पहुंचीं, जहां उन्होंने अपने जबरदस्त स्टाइल से सबका ध्यान खींच लिया। पलक ने इस खास मौके के लिए एक बोल्ड और ग्लैमरस आउटफिट चुना, जिसमें वो किसी प्रिंसेस से कम नहीं लग रही थीं। उन्होंने एक शॉर्ट ड्रेस के ऊपर से साइड कट गाउन पहना हुआ था, जो ट्रेंडी होने के साथ-साथ बेहद एलिगेंट भी लग रहा था। उनका ये लुक सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है और लोग उनकी तुलना सीधी-सीधी उनकी मां श्वेता तिवारी से कर रहे हैं। जहां एक ओर श्वेता तिवारी उम्र के साथ और भी ख़ूबसूरत और ग्रेसफुल होती जा रही हैं, वहीं 24 साल की पलक भी स्टाइल और कॉन्फिडेंस के मामले में किसी से पीछे नहीं हैं। इवेंट में उनका आत्मविश्वास और अंदाज़ देख लोगों ने खूब तारीफें कीं। फैंस का कहना है कि पलक में अपनी मां की झलक साफ दिखाई देती है, लेकिन वह अपने आप में भी एक फैशन आइकन बनने की काबिलियत रखती हैं।

# जैकलीन ने पहनी अनोखी आउटफिट हुईं ट्रोल



*जैकलीन फर्नांडिस अपने बेहतरीन डांस और ग्लैमरस फैशन सेंस के लिए जानी जाती हैं, लेकिन उनका हालिया लुक सोशल मीडिया पर लोगों के बीच अब किसी और वजह से चर्चा में बना हुआ है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हाल ही में नई दिल्ली में एक अवॉर्ड शो में शामिल हुईं, जहां उनका अनोखा आउटफिट देख सभी का मुंह खुला का खुला रह गया।*

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर कई यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। वहीं, कुछ उनकी ड्रेस की कीमत जानने के लिए बेताब नजर आए। इस इवेंट में जैकलीन लक्जरी फैशन हाउस बाल्मेन की डिजाइन की हुई व्हाइट लंबी आस्तीन वाली पॉप्लिन बस्टियर ड्रेस में नजर आईं। इस ऑफ-शोल्डर ड्रेस में शर्ट से इंस्पायर्ड डिजाइन देखने को मिला, जिसमें स्ट्रक्चर्ड कॉलर और बारीक डिजाइन एक गोल्डन बटन-डाउन शर्ट की याद दिलाते थे। इस शर्ट ड्रेस को एक हाई-फैशन ट्विस्ट दिया गया, जिसमें स्लिट का टच दिया है।सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का वीडियो वायरल होते ही यूजर्स ने ड्रेस की लिंक मांगी। वहीं, कुछ ने पूछा कि इस आउटफिट की कीमत क्या होगी? जैकलीन का ये वीडियो खूब शेयर किया जा रहा है। जैकलीन की बालमैन की जो लंबी आस्तीन वाली पॉप्लिन बस्टियर ड्रेस पहने दिखाई दे रही हैं, वो 7,250 डॉलर की है, जिसकी भारत में कीमत 6 लाख रुपए से ज्यादा है। उन्होंने डायमंड गोल्ड की अंगूठी अमारिस डायमंड्स ज्वेल्स की पहनी है, जो 76,665 हजार रुपए की है। काम की बात करें तो जैकलीन फर्नांडिस हाल ही में सुपरहिट फ्रैंचाइजी की पांचवीं फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आई थीं, जो 6 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# सुबह की उड़ानें सबसे खराब

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने अपने फ्लाइट के अनुभव के बारे में खुलासा किया। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि किस वजह से उनकी नींद उड़ जाती है और उन्हें रोजमर्रा में छोटे-छोटे फैसले लेना कितना मुश्किल लगता है। रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक फ्लाइट की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि सुबह 3:50 की उड़ानें सबसे खराब होती हैं। रश्मिका ने कहा, यह न तो पूरी तरह रात है और न ही सुबह। इस समय उड़ानें मेरी नींद और आराम दोनों को प्रभावित करती हैं। उन्होंने आगे बताया कि फ्लाइट के दौरान उन्हें यह तय करना बहुत मुश्किल होता है कि दो घंटे सोना चाहिए और फिर काम करना चाहिए। वरना बहुत बीमार और सुस्त महसूस करूंगी, या जागकर काम करना चाहिए और पूरा दिन खत्म करना चाहिए। रश्मिका ने इस पोस्ट में कहा कि यह रोजमर्रा के फैसले उनके लिए सबसे कठिन होते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका को आखिरी बार 'कुबेर' फिल्म में देखा गया था, जिसमें धनुष और नागार्जुन मुख्य भूमिका में थे। आने वाले समय में वह कई प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी, जिनमें हिंदी फिल्म 'थामा' (आयुष्मान खुराना लीड रोल में), साउथ फिल्म 'मैसा', और 'गर्लफ्रेंड' फिल्म शामिल हैं। इस पोस्ट के बाद उनके फैंस रश्मिका के फ्लाइट के अनुभव और व्यस्त शेड्यूल को लेकर काफी हैरान और चौंके हुए हैं। रश्मिका ने अपने फ्लाइट अनुभव के जरिए दिखा दिया कि व्यस्त शेड्यूल और असामयिक उड़ानें सिर्फ आराम और नींद को ही प्रभावित नहीं करतीं, बल्कि रोजमर्रा के छोटे-छोटे फैसले भी चुनौतीपूर्ण बन जाते हैं।



## 16 साल की उम्र में बन गई थी हिट सिंगर, 'रात की रानी' में गाया था पहला सोलो गाना

# आशा भोसले ने 20 भाषाओं में गाए 11 हजार से ज्यादा गाने

**मुंबई।** भारतीय संगीत जगत में कुछ ऐसे सिंगर आए, जिनकी जगह आज तक कोई नहीं ले सका है। आशा भोसले संगीत की दुनिया का एक ऐसा ही सितारा हैं। वे आज भले ही अपनी उम्र के चलते म्यूजिक इंडस्ट्री से दूर हैं, लेकिन अपने विविधता से भरे करियर, उनके गाने की शैली और मधुर आवाज के चलते वह आज भी एक अलग मुकाम रखती हैं। मेलोडी क्वीन के नाम से मशहूर आशा भोसले 8 सितंबर को अपन 92वां जन्मदिन मना रहीं है। 2011 में सबसे अधिक स्टूडियो रिकॉर्डिंग के लिए आशा दीदी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। उन्होंने 20 से ज्यादा भारतीय भाषाओं में 11 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं, जिसके चलते उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।

### 11 साल की उम्र में रखा संगीत की दुनिया में कदम

आशा भोसले का जन्म 8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के सांगली में हुआ। वह पंडित दीनानाथ मंगेशकर की तीसरी बेटी और लता मंगेशकर की छोटी बहन थीं। आशा भोसले तब मात्र 11 साल की थीं, जब उन्होंने संगीत की दुनिया में कदम रख दिए थे। उनका पहला गाना मराठी भाषा में था, जिसका नाम 'चला चला नव बाल' था, उन्होंने ये गाना अपनी बहन लता मंगेशकर के साथ गया था। लेकिन, उन्हें पहचान 16 की उम्र में जाकर मिल सकी। उन्होंने 16 साल की उम्र में 'रात की रानी' फिल्म के लिए पहला सोलो गाया और रातों-रात स्टार बन गईं।



### ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय महिला

आशा भोसले के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। उनके पास ना तो टैलेंट की कमी है और ना ही मेहनत की, जिसके दम पर वह ग्रैमी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट होने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। उन्हें 2205 में ग्रैमी पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया था। आशा भोसले एक बेहतरीन सिंगर तो हैं ही, वह अभिनय में भी अपना दम दिखा चुकी हैं। उन्होंने एक मराठी फिल्म से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखे, जिसका नाम माई है।

### बोल्ड गाने मिलने पर हुईं थी नाराज

आशा भोसले का नाम कई बार विवादों में भी रहा। उनके मशहूर गानों में 'दम मारो दम' और 'पिया तू अब तो आजा' जैसे गाने भी शुमार हैं। ये गाने उस दौर में काफी बोल्ड माने गए, जिसे लेकर विवाद भी हुआ। आशा भोसले ने आरडी बर्मन से इस बात को लेकर नाराजगी जाहिर की थी कि वह उन्हें लगातार बोल्ड गाने दिए जा रहे थे। उन्होंने एक बार खुलासा किया था कि जब वह कारवां का गाना पिया तू अब तो आजा रिकॉर्ड कर रही थीं तो गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी बीच में ही स्टूडियो छोड़कर चले गए थे, क्योंकि उन्हें अपने लिखे शब्दों पर शर्मिंदगी महसूस हो रही थी।

## खबर संक्षेप



### साक्षरता दिवस पर चौधरी ने दी बधाई

**रायगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए विधायक व वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत विकास ही नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। यही नागरिकों को सक्षम बनाती है, लोकतंत्र को सुदृढ़ करती है और समाज को समानता व न्याय की ओर अग्रसर करती है। उन्होंने संस्कृत श्लोक विद्या ददाति विनयं का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा और साक्षरता को प्राथमिकता देंगे और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेंगे। मंत्री ने कहा कि डिजिटल युग में साक्षरता का महत्व और बढ़ गया है। यह दिवस शिक्षा के अधिकार और साक्षरता की भूमिका को समाज में शांति, करुणा और स्थायी परिवर्तन के लिए याद दिलाता है।

### जुलूस में फिलिस्तीन पाकिस्तानी झंडा

**राउरकेला।** शुक्रवार को निकले ईद मिलाद उन नबी जुलूस में फिलिस्तीन के झंडों और पाकिस्तानी झंडे की मौजूदगी की आशंका ने विवाद खड़ा कर दिया है। महताब रोड और आनंद भवन लेन में लगे झंडों की तस्वीरें व वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा ने इसे राष्ट्रीय अस्मिता से जुड़ा मामला बताया। केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम की अनुमति पर भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को प्लांट साइट थाने में शिकायत दर्ज कराई और दोषियों पर एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेताओं का कहना है कि धार्मिक जुलूस में विदेशी झंडों का प्रदर्शन भारत का अपमान है। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि शहर में चर्चाओं का दौर तेज है।

### ट्रेन से कटे युवक की अब तक नहीं हुई पहचान

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोतरलिया के पास ट्रेन से कटे युवक की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। ऐसे में पुलिस द्वारा उसकी शिनाख्ती के लिए प्रयास की जा रही है। दरअसल प्रार्थी देव कुमार आदिले निवासी रेलवे कॉलोनी मौदहापारा ने थाने में रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। 2 अगस्त को कोतरलिया के पास अज्ञात युवक उम्र करीब 40 वर्ष की ट्रेन से कट कर मौत हो गई थी। शव क्षत विक्षत हालत में रेलवे ट्रैक पर मिला था। पुलिस द्वारा काफी प्रयास करने के बाद भी आज पर्यंत तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

### दो माह से चावल वितरण ठप, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** लैलूंगा ब्लॉक के ग्राम फुटहमुड़ा के ग्रामीण पिछले दो महीनों से चावल वितरण बंद होने से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सचिव ने महीनों पहले उनसे अंगूठा लगवा लिया थाए लेकिन अब तक उन्हें अनाज का एक दाना भी नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब वे अपनी समस्या लेकर सरपंच के पास गए तो वहां से उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला। सरपंच ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और उन्हें खाली हाथ लौटा दिया। लगातार हो रही इस अनदेखी से तंग आकर सोमवार को ग्रामीण रायगढ़ कलेक्टर के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही चावल वितरण शुरू नहीं किया गया तो बस्ती के लोग बड़ी मुश्किल में पड़ जाएंगे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि राशन दुकान संचालक और पंचायत की लापरवाही के कारण वे अपने हक से वंचित हो रहे हैं।

### जनदर्शन में दिव्यांग छोटू को मिली ट्राईसाइकिल

**रायगढ़।** जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में एक दिव्यांग की जिंदगी आसान हो गई। कौहाकुंडा के 29 वर्षीय निवासी अस्थि बाधित दिव्यांग छोटू यादव को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्राईसाइकिल उपलब्ध कराई गई। छोटू यादव ने अपनी दैनिक कामकाज में आ रही कठिनाइयों को बताते हुए ट्राईसाइकिल की मांग की थी।

## यशस्वी जशपुर के नेतृत्व में एनईपी 2020 के विजन को साकार करता अभिनव अभियान

# 1800 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में जादू पिटारा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी पीके भटनागर के मार्गदर्शन तथा यशस्वी जशपुर के नोडल विनोद गुप्ता के कुशल नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में जशपुर जिला हमेशा से नवाचारों के लिए जाना जाता रहा है। यहां की शैक्षिक पहल न केवल जिले बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक मिसाल बन चुकी हैं।

इसी कड़ी में हाल ही में 1800 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में एक साथ जादू पिटारा का भव्य प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह आयोजन यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत हुआ। यह पहल न केवल बच्चों को शिक्षा के नए रूप से जोड़ती है, बल्कि नई शिक्षा नीति एनईपी 2020 के उस विजन को भी साकार करती है, जिसमें खेल-आधारित, अनुभवात्मक और आनंदमय शिक्षा पर जोर दिया गया है। जादू पिटारा, एनसीईआरटी और शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार किया गया एक अभिनव शैक्षिक संसाधन है, जिसमें - कहानियां, चित्र पुस्तकें, खेल और गतिविधियां, शिक्षण सामग्री, मल्टीमीडिया संसाधन शामिल होते हैं। इसका उद्देश्य शिक्षा को रटने से मुक्त कर बच्चों को सीखने का वास्तविक अनुभव देना है। 1800 से अधिक एक साथ जादू पिटारा का प्रदर्शन प्राथमिक विद्यालयों में किया गया। सभी प्राथमिक विद्यालयों को शामिल करने वाला यह छत्तीसगढ़ का पहला जिला बना शिक्षण में खेल और गतिविधि आधारित दृष्टिकोण को मजबूती मिली।

### यशस्वी जशपुर जिला प्रशासन शिक्षा विभाग की पहल

यशस्वी जशपुर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की एक पहल है, जिसका उद्देश्य बच्चों की सीखने की गुणवत्ता में सुधार करना और शिक्षण को आनंदमय व रोचक बनाना है। नई शिक्षा नीति 2020 कहती है कि- शिक्षा रटने पर आधारित न हो बल्कि अनुभवात्मक हो। प्राथमिक स्तर पर खेल और गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर मिले। एफएलएन पर विशेष ध्यान दिया जाए।ताकि बच्चों को खेल-खेल में सीखनाः पढ़ाई बोझ न लगकर आनंददायक लगे। इस कार्यक्रम उपरांत शिक्षकों का कहना है कि बच्चों की एकाग्रता और रुचि बढ़ी है।

### अभिभावकों ने जताई प्रसन्नता

अभिभावक खुश हैं कि उनके बच्चे अब खुशी-खुशी स्कूल जाना चाहते हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारी इसे जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि मान रहे हैं। जशपुर ने यह साबित किया है कि - यदि जिले स्तर पर सामूहिक प्रयास किया जाए तो राष्ट्रीय नीतियों को जमीन पर उतारा जा सकता है।




## आत्मानंद में एआई शिक्षण कार्यशाला

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिले के स्वामी आत्मानंद और आईसीटी लैब युक्त विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षण कार्यशाला आयोजित की जा रही है। स्वामी आत्मानंद जशपुर के बाद सेजेस पतराटोली में कार्यशाला आयोजित होनी है।

प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में लगभग 180 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 1 सितंबर से प्रारंभ होकर 8 सितंबर तक चला। नवगुरुकुल फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षक ऋतुजा पाटिल और शिवानी गोरखिया ने विद्यार्थियों को एआई की मूल अवधारणा और कार्यप्रणाली समझाई। सत्र में प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट भी सम्मिलित किए गए हैं। छात्रों को एआई से संबंधित व्यावहारिक उदाहरणों के साथ एआई की अवधारणाएं समझाईं गई। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वे एआई के प्रयोग से नई-नई चीजों की खोज और अन्वेषण कर सकते हैं। साथ, ही, सीएनएआई,एआईए के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई कि किस प्रकार इसका इस्तेमाल डिज़ाइन और क्रिएटिव कार्यों के लिए किया जा सकता है।

## निफ्टेम कुंडली ने आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने शुरू की परियोजना

**जशपुरनगर।** सतत विकास और जनजातीय सशक्तीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान (निफ्टेम), कुंडली, सोनीपत, हरियाणा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी), भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एक प्रतिष्ठित परियोजना प्रदान की गई है।

सतत आजीविका और उद्यमिता विकास के लिए छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति समुदायों की स्वदेशी प्रथाओं का तकनीकी संवर्धनश नामक यह पहल जिले में संचालित होगी। इस परियोजना का उद्देश्य पारंपरिक प्रथाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण और संवर्धन करना है, जैसे जावाफूल और जीराफूल चावल की स्वदेशी छिलका उतारने की विधियां, महुआ के फूलों का कटाई-पश्चात



प्रसंस्करण और महुआ, कुट्टू और रागी से मूल्यवर्धित उत्पाद तैयार करना। आधुनिक तकनीकों को एकीकृत करके, इस परियोजना का उद्देश्य उत्पादन क्षमता, पोषक तत्वों की अवधारण, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार लाना और ऊर्जा खपत एवं प्रसंस्करण हानियों को कम करना है। निफ्टेम के प्रधान अन्वेषक डॉ.प्रसन्ना कुमार जीवी ने क्षेत्रीय गतिविधियां आरंभ करने के लिए 6-7 सितंबर 2025 को जशपुर का दौरा किया। उन्होंने जिला मिशन प्रबंधक (एसआरएलएम) विजया शरण प्रसाद और जय जंगल एफपीसी के निदेशक समर्थ जैन के साथ मिलकर बैल (चालित रोटरी पावर ट्रांसमिशन सिस्टम) और इलेक्ट्रिक मोटर (चालित ढेकियों स्थानीय जीराफूल और जावाफूल चावल की किस्मों के लिए अनुकूलित पारंपरिक चावल छिलका उतारने वाले उपकरण) की स्थापना के लिए संभावित स्थलों की पहचान की। ये प्रणालियां अनाज की प्राकृतिक सुगंध, प्रोटीन, विटामिन और पोषक तत्वों को संरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इसके अतिरिक्त, टीम ने महुआ उत्पादक क्षेत्रों में सौर सुरंग सुखाने की प्रणालियां स्थापित करने के लिए स्थानों का सर्वेक्षण किया, जिसका उद्देश्य कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करना और उत्पाद की शेल्फ लाइफ में सुधार करना है।

### एक दिवसीय प्रवास पर अंकुश पहुंचे खरसिया

**खरसिया।** औरैया के प्रसिद्ध भागवत वक्ता अंकुश तिवारी महाराज एक दिवसीय प्रवास पर खरसिया पहुंचे तथा गर्ग परिवार का आतिथ्य स्वीकार किया। विदित हो कि 2 वर्ष पूर्व गर्ग परिवार खरसिया के द्वारा स्थानीय कन्या भवन में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया था जिसमे औरैया उत्तरप्रदेश के प्रसिद्ध भागवत वक्त अंकुश तिवारी के द्वारा गया भागवत कथा का वाचन किया गया था। इस वर्ष भी पत्थलगांव में अंकुश तिवारी के द्वारा एक सप्ताह तक गया भागवत का पाठ किया गया तथा कथा समापन के पश्चात अपने एक दिवसीय प्रवास पर खरसिया के गर्ग परिवार के रामचरण अग्रवाल तथा श्याम सुंदर अग्रवाल के निवास पहुंचकर संकीर्तन किया गया तथा समस्त गर्ग परिवार को आशीर्वाद प्रदान किया।

## डांस प्रतियोगिता में ओडिसा के वन स्टेप डांस ग्रुप ने जीता मुकाबला

**कोतबा।** फ्रेंड्स क्लब हाई स्कूल पारा कोतबा के तत्वावधान में गणेश महोत्सव में दो दिवसीय डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चे सहित युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एकल सहित ग्रुप डांस में हिस्सा लेकर बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। दर्शकों ने तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया। फ्रेंड्स क्लब हाई स्कूल पारा में आयोजन देर रात तक चलता रहा।

- बिना हाथ पैर के डांस प्रतियोगिता में ईश्वर ने लिया हिस्सा

सार्वजनिक गणेश महोत्सव में आयोजित दो दिवसीय डांस प्रतियोगिता क्षेत्र भर के हजारों दर्शकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिसमे एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी गई। जिनमे एक नारायणपुर के ईश्वर नाथ जो कि बचपन से ही दोनों हाथ पैर नही होने के बाद भी डांस प्रतियोगिता में अपनी सुदंर नृत्य प्रस्तुति में डांस के प्रति चाहत जज्बे को दिखाया, वही किसी ने पर्यावरण संरक्षण की थीम पर पेड़ कटाव रोकने जंगल जीवन बचाने के थीम पर मनमोहन प्रस्तुति दी तो किसी ने माँ की ममता व मातपिता के महत्व समझाने की थीम पर प्रस्तुति दी। तो किसी ने भक्तिभाव का माहौल बना दर्शकों से खूब तालियां बटोरी डांस प्रतियोगिता के दूसरे दिन देर रात विजेताओं की घोषणा कर पुरस्कार वितरण किया गया। प्रतियोगिता में विजयी होकर पहला स्थान 198 अंको के साथ वन स्टेप ग्रुप उड़ीसा को प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिन्हें पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये व शील्ड आयोजक समित द्वारा प्रदान किया गया वही स्पर्धा में द्वितीय स्थान 197 अंको के साथ शिवानी डांस ग्रुप लैलूंगा को पुरस्कार 13 हजार रुपये व शील्ड जेडी प्रोफेशनल कॉलेज कोतबा की डायरेक्टर गंगोत्री यादव,दुर्योधन यादव शिक्षक व प्रियांश पैकरा के द्वारा दिया गया व तृतीय स्थान पर 190 अंको के साथ मोहिनी डांस ग्रुप चन्द्रपुर को पुरस्कार 7100 रुपए व शील्ड सुमन सुनील शर्मा उपाध्यक्ष नगरपंचायत कोतबा के द्वारा प्रदान किया गया। वही चौथा स्थान 184 अंक के साथ माँ अम्बे डांस ग्रुप घरघोड़ा को 3100 रुपये व शील्ड व पांचवा स्थान 183 अंको के साथ सुरवीर डांस ग्रुप सीतापुर को 2100 रुपये व शील्ड भाजपा नेत्री श्रीमती शकीला कवर के द्वारा प्रदाय किया गया।



## पोषण जागरूकता के लिए बड़ाईकपारा में निकाली रैली

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके तहत जामजोर सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्र बड़ाईकपारा में पोषण माह का आयोजन किया गया। पोषण माह अभियान के अंतर्गत जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया।

- छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न कार्यक्रम

इस रैली में केन्द्र के बच्चे, शिशुवती गर्भवती माताएं. किशोरी बालिकाएं एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे। रैली में संतुलित पोषण, कुपोषण मुक्ति, पोषण आहार के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। इसी तरह फरसाबहार परियोजना में भी पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के तहत कानूनी सहायता लेने हेतु जानकारी दी गयी। इसके साथ ही महिला हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 181 के बारे बताया गया। पत्थलगांव के जरहापारा सेक्टर के सुखरापारा आंगनबाडी केन्द्र में पोषण माह में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत माताओं को सुनहरे 1000 दिन, मातृमृत्यु, शिशुमृत्यु, कुपोषण, स्वच्छता, एनिमिया, डायरिया आदि के संबंध में जानकारी दी गयी। इसके अतिरिक्त घरेलू हिंसा, महिलाओं की प्रताड़ना, टोनही प्रताड़ना आदि के बारे में जानकारी देते हुए इनसे बचाव के लिए कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गयी।




### छपोरा में सचिव नदारत नेटवर्क मार्केटिंग में मस्त

**बिलाईगढ़।** ग्राम पंचायत छपोरा और आश्रित गांव सेमराडीह के ग्रामीण इन दिनों परेशान हैं। यहां पदस्थ पंचायत सचिव चितरंजन केवट लंबे समय से पंचायत सचिवालय से नदारत हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव न तो सचिवालय आते हैं और न ही फोन रिसीव करते हैं। ऐसे में शासन की योजनाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जनता दर-दर भटक रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सचिव चितरंजन केवट अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय नेटवर्क मार्केटिंग के धंधे में समय बिता रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इसी वजह से वे सचिवालय में उपस्थित नहीं रहते। इससे योजनाओं का लाभ लेने पहुंचे आमजन को बार-बार निराश होकर लौटना पड़ता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि जब पंचायत सचिव को वेतन जनता के टैक्स से दिया जा रहा है तो फिर उन्हें अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने का हक किसने दिया। लोगों का कहना है कि उच्च अधिकारियों के डर के बिना सचिव का मनमाना रवैया लगातार बढ़ता जा रहा है।

## ठगों ने आरटीओ चालान की फर्जी एपीके फाइल भेजकर फैलाया ठगी का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

प्रदेश में आरटीओ ई-चालान को लेकर साइबर ठगों का नया स्कैम सामने आया है। ठग व्हाट्सएप के जरिए नकली ई-चालान से संबंधित लिंक और एपीके फाइल भेजकर लोगों को ट्रैफिक नियम तोड़ने का डर दिखाते हैं।

इन फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही लोगों के मोबाइल और बैंक खातों से पैसे ठग लिए जाते हैं। विशेषज्ञों और परिवहन विभाग ने नागरिकों को चेतावनी दी है कि किसी भी अनजान लिंक या एपीके फाइल पर क्लिक न करें। यदि चालान की वास्तविक जानकारी लेनी हो तो केवल परिवहन विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ही जांच करें। इसके लिए ई-चालान पेज पर क्लिक कर चालान नंबर और कैप्चा कोड डालें, फिर मोबाइल ओटीपी के माध्यम से सही विवरण प्राप्त करें। पुलिस एवं परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जब भी वास्तविक ई-चालान जारी किया जाता है तो इसकी जानकारी नागरिकों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर सीधे सरकारी वेबसाइट से टेक्स्ट मैसेज के रूप में भेजी जाती है। लोगों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल पर ध्यान न दें। किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज

- लोगों को चेतावनी, आधिकारिक वेबसाइट से ही करें भुगतान

## पेज 1 के शेष...

### छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव...

इंटरव्यू और चयन प्रक्रिया पूरी की। इस आयोजन के प्रति स्थानीय युवाओं में काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती भगत ने कहा कि जिले के युवा अपने कर्तव्य के प्रति सदैव ईमानदार प्रकृति होते हैं। नियोक्ताओं को इस जिले के युवाओं को चयन में प्राथमिकता देने हेतु उन्होंने अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को सामर्थ्य प्रदान करने और सशक्त राष्ट्र के निर्माण लिए के लिए ऐसे जॉब फेयर बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उन्होंने सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया एवं सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमरेन्द्र, जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, महाविद्यालय के प्राध्यापक जेआर भगत, डॉ सरिता निकुंज, ज्योति तिर्की, वरुण श्रीवास, रिजवाना खातून, गौतम सूर्यवंशी, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभ्यर्थी युवा उपस्थित रहे।

### कुनकुरी चोरी कांड ...

गया है। घटना से छात्र हक्का-बक्का रह गया और तुरंत थाना कुनकुरी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इनका रही विशेष भूमिका- इस पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, सहायक उप निरीक्षक मनोज सिंह, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, आरक्षक नंदलाल यादव, जितेंद्र गुप्ता और नितिन पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नाबालिकों द्वारा किया जाने वाला कृत्य चिंता का विषय- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने मामले पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आजकल यह देखा जा रहा है कि नाबालिग बच्चे गलत संगत में पड़कर चोरी जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए वे अपराध की राह चुन रहे हैं। पुलिस ऐसे मामलों में त्वरित और सख्त कार्रवाई कर रही है ताकि समाज में संदेश जाए कि अपराध किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### जुरूडांड़ हादसा कांग्रेस ...

वार करते हुए कहा कि घटना के बाद भाजपा विधायक, कलेक्टर और एसपी मौके पर मौजूद रहे और रातभर राहत-बचाव कार्य किया। लेकिन कांग्रेस के नेताओं ने शवों को लेकर सड़क पर प्रदर्शन कर राहत कार्य में बाधा डाली। यह संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सहप्रभारी सिर्फ राजनीति की रोटी सेंकने जशपुर आई थीं। उन्होंने भाजपा और प्रशासन पर झूठा आरोप लगाया कि कोई मौके पर नहीं पहुँचा। सच्चाई यह है कि भाजपा और प्रशासन की पूरी टीम हर पल पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी रही। कांग्रेस का झूठ जनता देख चुकी है और अब वह इनके छलावे में आने वाली नहीं। गोमती साय ने कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय भगत पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2020 में जुरूडांड़ में आकाशीय बिजली गिरने से महेश्वर राम यादव के माता-पिता की मौत हुई थी, लेकिन न तो तत्कालीन विधायक और न ही तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीड़ित परिवार की कोई मदद की। आज वही लोग जनता को बरगलाकर 50 लाख का झूठा लालच दे रहे हैं। कांग्रेस का यह असली चेहरा जनता के सामने आ चुका है। भाजपा नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतकों के परिजनों को 5 लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता राशि घोषित की है। इसके साथ ही जशपुर में 35 करोड़ की लागत से आधुनिक अस्पताल का निर्माण जारी है और मेडिकल कॉलेज की भी घोषणा की जा चुकी है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने जशपुर की कभी चिंता नहीं की। जनता सब देख रही है और कांग्रेस की इस संवेदनहीन राजनीति को अब और बर्दाश्त नहीं करेगी। भाजपा के प्रेस कांफ्रेंस में जुरूडांड़ सड़क दुर्घटना में मृत 17 वर्षीय नवयुवक विपिन प्रजापति के पिता देव नारायण भी उपस्थित थे। उन्होनें मिडिया को दिये गए बयान में आरोप लगाया कि घटना के दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद वे अपने मृतक बेटे का अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम पहुंच गए थे। विपिन के पार्थिव शरीर को चिता में रखा जा चुका था तो कुछ कांग्रेसी मुक्तिधाम पहुंचे और 50 लाख मुआवजा दिलाने की बात कहते हुए अंतिम संस्कार रोकने को कहा लेकिन उन्होनें कांग्रेसियों के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। देवनारायण ने कहा कि बेटा से बढ़ कर रूपया नहीं है।

## रैली निकालकर जल सत्याग्रह कर मांगों को लेकर नारेबाजी की

# एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल तेईसवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर




एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों पर अपनी जायज मांगों के प्रदर्शन के दौरान नियम विरुद्ध हुए बर्खास्तगी की कार्यवाही को निरंकुश और असंवेदनशील बताया और कहा कि वर्तमान शासन विष्णु का सुशासन नहीं अपितु कुशासन प्रतीत हो रहा है।

क्योंकि जहां एक ओर स्वास्थ्य मंत्री कर्मचारियों के प्रदर्शन को उनका संवैधानिक अधिकार बता रहे है वही दूसरी ओर अपने जीवन मूल्य और अधिकारों कि रक्षा के लिए हड़ताल कर रहे कर्मचारियों पर दोहरा चरित्र अपनाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कार्यवाही कराकर कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने का प्रयास कर रहे है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि विष्णु का सुशासन अब कुशासन में बदलता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 5 मांग पूरी करने के बयान का खंडन पूर्व में संघ के पदाधिकारियों द्वारा करने के बावजूद अब भी कमेटी बनाकर आश्वाशन देने पर हड़ताली एनएचएम कर्मियों में काफी रोष है। एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा अपने प्रति शासन की इन्हीं गलत नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए आज एनएचएम कर्मचारी संघ जशपुर द्वारा रैली निकालकर जल सत्याग्रह कर अपनी मांगों को लेकर उग्र नारेबाजी की गई।

### कार्रवाई के बाद भी हौसले बुलंद

वर्तमान शासन में संघ के पदाधिकारियों पर हुये कार्यवाहियों के बाद कर्मचारियों के हौसले और भी बुलंद होते दिखाई दे रहा है । प्रशासन कि इस अविवेकपूर्ण कार्यवाहियों ने पूरे प्रदेश के एनएचएम कर्मचारियों को आक्रोशित और उग्र कर दिया है ।पूरे प्रदेश स्तर पर कर्मचारी सामूहिक इस्तीफा देकर तरह तरह के प्रदर्शन द्वारा शासन तक अपनी तकलीफों को बता कर अपने प्रति संवेदनशील होकर दस सूत्रीय मांगो पर लिखित आदेश मांग रहे हैं।

### दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था

जहाँ पूरे प्रदेश कि स्वास्थ्य सुविधाएं कर्मचारियों के घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण बिगड़ती जा रही है। इसी माह आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस को भी स्थगित करने का आदेश जारी हुआ है। जशपुर जिले की कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थान बंद है कुछ संस्थानों का आलम ऐसा है कि वे सीमित और प्रतीक्षित मानव संसाधन के आभाव में आखिरी साँस ले रही है। ऐसे में सरकार का कर्मचारी विरोधी अड़ियल रवैया कब तक बरकरार रहेगा। और प्रदेश कि स्वास्थ्य व्यवस्था कब दम तोड़ेगी ये देखना महत्वपूर्ण होगा।

